FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना शिकोहाबाद दिनाँक 17-09-2024 जनपद फिरोजाबाद ।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 565/24 में वांछित अभियुक्त भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा बरामद।

- **थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा ग्राम नौशहरा में हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी अभियुक्त भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा, जिदा कारतूस एवं खोखा कारतूस बरामद।**
- **अभियुक्त भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला पुलिस मुठभेड़ के दौरान बाँये पैर में गोली लगने से हुआ घायल।**

दिनाँक 17-09-2024 को वादी की तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 565/24 धारा 103(1), 288, 325, 61(2) बीएनएस व 4/5/9B विस्फोटक अधिनियम बनाम भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला व 02 अन्य अभियुक्त 1.ताज पुत्र भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला , 2.राजा पुत्र भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 565/24 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 565/24 से सम्बन्धित अभियुक्त भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला भूड़ा पुल से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली नहर की पटरी के किनारे जा रहा है। जो कि कहीं भागने की फिराक में हैं। उक्त सूचना का संज्ञान लेकर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीमों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की गयी तो सामने से आता हुआ एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसको रुकने का इशारा करने पर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा तथा भागते हुए पुलिस टीम पर अवैध असलहा से फायर करने लगा। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्त घायल हो गया । घायल की पहचान भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला पुत्र मुख्त्यार नवी निवासी नौशहरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुयी है जो कि मु0अ0सं0 565/24 में नामजद अभियुक्त है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- अभियुक्त भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला आतिशबाजी का काम करता हैं जिसके लिये अभियुक्त द्वारा आतिशबाजी के निर्माण हेतु आबादी क्षेत्र से दूर लाइसेंस प्राप्त किया गया था।

लेकिन अभियुक्त भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला द्वारा अपने पुत्रों ताज व राजा के साथ मिलकर षड्यन्त्र के तहत आबादी क्षेत्र में किराये का मकान लेकर लाइसेंस की शर्तों के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ का भण्डारण करके दिनाँक 16-09-2024 रात्रि को अभियुक्तगण द्वारा षड्यन्त्र के तहत भण्डारित विस्फोटक पदार्थ में आग लगाकर विस्फोट कर दिया गया तथा मौके से भाग गये जिसमें वादी के परिवारीजनों व अन्य पड़ोसियों सहित कुल 05 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी एवं वादी की 01 भैंस व 07 बकरी मलबे में दबकर मर गयी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 565/24 पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना शिकोहाबाद की 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1- भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला पुत्र मुख्त्यार नवी निवासी नौशहरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1- 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।

2- 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।

3- 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।